उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार – 249404

संख्याः 474/04/डी0आर0(AP&AAP)/सेवा–2/2022–23 दिनांकः 20 दिसम्बर, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन, आवास विभाग के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में सहायक नियोजक के रिक्त 05 पदों एवं सहायक वास्तुविद् नियोजक के रिक्त 01 पद को सीधी भर्ती के माध्यम से चयन के लिए **सहायक नियोजक एवं सहायक वास्तुविद् नियोजक परीक्षा–2023** हेतु विज्ञापन संख्याः–A-1/DR(AP&AAP)/S-2/2023 दिनांक 31 जनवरी, 2023, शुद्धिपत्र दिनांक 09 मार्च, 2023, शुद्धिपत्र दिनांक 30 अगस्त, 2023 एवं शुद्धिपत्र दिनांक 02 अगस्त, 2024 प्रकाशित किया गया। प्रश्नगत पदों हेतु आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा दिनांक 28 फरवरी, 2024 के चयन परिणाम दिनांक 26 अप्रैल, 2024 में सफल घोषित अभ्यर्थियों के प्राप्त अभिलेखों की सन्निरीक्षणोपरान्त सहायक नियोजक पद हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 03 दिसम्बर, 2024 एवं सहायक वास्तुविद् नियोजक पद हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को आयोजित किया गया।

उक्त साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों का चयन परिणाम, कट–ऑफ मार्क्स एवं साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का अवलोकन अवश्य करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।